Tel. No. 0291-2625630

श्री पुष्टिकर श्री पुरोहित सूरजराज रूपादेवी स्मृति
महिला महाविद्यालय

(जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर से सम्बद्ध)

सिवान्ची गेट, जोधपुर

Mail ID: spspsrsmmv@gmail.com

क्रमांक : श्रीपुश्रीपुसूरूस्मृ/म.महा.वि./2021 **दिनांक :** 05.07.2021

कैरियर प्लेसमेंट कार्यशाला का आयोजन

श्री पुष्टिकर श्रीपुरोहित सूरजराज रूपादेवी स्मृति महिला महाविद्यालय, सिवांची गेट, जोधपुर स्थित सेमीनार कक्ष में आज दिनांक 05.07.2021 को **कैरियर प्लेसमेंट कार्यशाला का आयोजन** किया गया। उक्त कार्यशाला में प्राचार्या श्रीमती डॉ. मीता मुलतानी, महाविद्यालय प्रशासक डॉ. बी. के. जोशी, डॉ. माधव देव बोहरा, बीसीए संकाय के व्याख्याता डॉ. पूजा पुरोहित, ई. सुमित बिस्सा व श्री खालिद अली व बीएससी कम्प्यूटर विज्ञान व बीसीए संकाय की छात्राएँ उपस्थित थीं। **कैरियर प्लेसमेंट कार्यशाला** में प्राचार्या ने स्किलोनेशन एडटैक प्रा. लि. कम्पनी के संस्थापक श्रीमान् राघव शर्मा को स्मृति चिह्न भेंट कर स्वागत करते हुए कहा कि "बीसीए व बीएससी कम्प्यूटर विज्ञान की छात्राओं के लिए उक्त कार्यशाला इनके भविष्य निर्माण में सहायक सिद्ध होगी। साथ ही साथ स्किलोनेशन एडटैक प्रा. लि. ने जो हमारे महाविद्यालय का चयन किया है। वह इस महाविद्यालय की विकास यात्रा में एक मील का पत्थर साबित होगा।"

कम्पनी के संस्थापक श्रीमान् शर्मा ने कम्पनी के बारे मे जानकारियाँ प्रदान करते हुए कहा कि "अभी तक कम्पनी में 40 इंटर्नस कार्य कर रहे हैं और कम्पनी द्वारा 5000 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।"

डॉ. पूजा पुरोहित ने बताया कि "इस कार्यशाला में कम्पनी के संस्थापक द्वारा बच्चों का टैक इंटरव्यू और उसके बाद H.R. Interview लिया गया।" कार्यशाला में डॉ. माधव देव बोहरा ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि "वर्तमान में डिजिटल युग में इस तरह की कार्यशाला का अयोजन रोज़गार प्राप्त करने के अवसर बढ़ाती है। आपने कम्पनी संस्थापकको उक्त महाविद्यालय का चयन करने के लिए साधुवाद दिया।"

(डॉ. तेजेन्द्र वल्लभ व्यास)
मीडिया प्रभारी

(डॉ. मीता मुलतानी)
प्राचार्या